भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1498

जिसका उत्तर 13.02.2025 को दिया जाना है

झारखंड में राष्ट्रीय राजमार्ग

1498. डॉ. निशिकान्त दुबे:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा झारखंड राज्य में निर्माण के लिए प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई कितने किलोमीटर है;

(ख) झारखंड के सभी जिलों से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए विगत तीन वर्षों के दौरान कितनी धनराशि निर्धारित की गई है और जारी की गई है; और

(ग) अब तक कितने किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण कार्य पूरा किया गया है और जिलावार कितना निर्माण कार्य किए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) झारखंड राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) की कुल लंबाई 3500 किलोमीटर है। इसमें से 846 किलोमीटर की एनएच परियोजनाओं पर कार्य चालू है और सौंपे गए परियोजनाओं की लंबाई 371 किलोमीटर है। वर्ष 2024-25 के दौरान 232 किलोमीटर लंबाई के एनएच निर्माण कार्य का लक्ष्य है।

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान झारखंड राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए उपलब्ध धनराशि तथा राष्ट्रीय राजमार्गों पर किए गए व्यय का ब्यौरा नीचे दिया गया है:-

वर्ष	आवंटन (करोड़ रुपए में)	व्यय (करोड़ रुपए में)
वित्त वर्ष 2021-22	2853	2853
वित्त वर्ष 2022-23	3127	3127
वित्त वर्ष 2023-24	4599	4599

(ग) राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्माण कार्यों की जिलावार लंबाई (किमी में) जैसे 2/4/6 लेन तक चौड़ीकरण, पूर्ण हो चुके तथा प्रस्तावित सुदृढ़ीकरण कार्य का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

अनुबंध

"झारखंड में राष्ट्रीय राजमार्ग" के संबंध में डॉ. निशिकान्त दुबे द्वारा पूछे गए दिनांक 13.02.2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1498 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

अब तक पूरी की गई जिलेवार लम्बाई

क्र. सं.	जिले का नाम	पूरी की गई लंबाई (किमी)
1	रांची	191.2
2	धनबाद	98.8
3	गिरिडीह	142.8
4	हजारीबाग	154.6
5	सरायकेला	77.8
6	बोकारो	77.8
7	पूर्वी सिंहभूम	105.3
8	रामगढ़	66.4
9	गढ़वा	50.1
10	पलामू	52.9
11	लोहरदगा	6.1
12	लातेहार	40.5
13	कोडरमा	5.2
14	सिमडेगा	73.0
15	गुमला	100.0
16	खूंटी	39.0
17	पश्चिमी सिंहभूम	141.0
18	चतरा	116.0
19	दुमका	71.0
20	देवघर	77.0
21	गोड्डा	76.0
22	पाकुर	34.0
23	साहिबगंज	21.0
24	जामताड़ा	20.0

प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्य की जिलावार लंबाई:

क्र. सं.	जिले का नाम	लंबाई (किमी)
1	रांची	38.0
2	हजारीबाग	116.8
3	सरायकेला	2.0
4	बोकारो	65.9
5	पूर्वी सिंहभूम	11.7
6	रामगढ़	57.5
7	गढ़वा	41.0
8	पलामू	65.1
9	लोहरदगा	70.5
10	लातेहार	65.9
11	चतरा	119.2
12	गुमला	112.0
13	गोड्डा	61.9
14	दुमका	30.3
15	देवघर	65.2
16	साहिबगंज	52.9
17	पश्चिमी सिंहभूम	84.6
18	पाकुर	36.6
19	जामताड़ा	38.8
20	धनबाद	15.0
21	गिरिडीह	8.9
22	सिमडेगा	57.0

*****